फा0 सं0 07–60/जीए/2016–एफएसएसएआई
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
तीसरी मंजिल, एफडीए भवन, कोटला रोड,
नई दिल्ली–110002

दिनांक 10 जुलाई, 2020

निविदा सूचना

'जहाँ है, जैसा है' आधार पर पुराने कार्यालय उपस्कर, फर्नीचर की वस्तुओं, एमएस स्टील पाइपों इत्यादि के निपटान/नीलामी के लिए दरों का आमंत्रण

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) निविदा प्रलेख (वस्तुओं की सूचना **अनुबंध–5 पर**) में निर्धारित शर्तों और निबंधनों के अनुसार पुराने, रद्दी कार्यालय उपस्कर, फर्नीचर, सेंट्रल एअर कंडिशनिंग सिस्टम इत्यादि के कूलिंग टॉवरों के एमएस पाइपों के स्क्रैप डीलरों से 'जहाँ है, जैसा है' आधार पर निपटान/नीलामी के लिए मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित करती है।

02. निविदा का प्रलेख एफ.एस.एस.ए.आई की वेबसाइट तथा सीपीपी पोर्टल पर उलब्ध है। विधिवत् रूप से भरा हुआ निविदा प्रलेख संबंधित आधार प्रलेखों के साथ **27 जुलाई, 2020 के 11:00 बजे** तक अथवा उससे पहले सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), एफ.एस.एस.ए.आई, तीसरी मंजिल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002 को प्रस्तुत किया जा सकता है। निविदा प्रलेख बयाना जमा राशि (ईएमडी) के रूप में रु. 27,500/– (सताईस हजार पाँच सौ) मात्र (ब्याजरहित) के डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ भेजा जाए, जो वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के नाम नई दिल्ली में देय हो।

निविदा प्रलेख (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियाँ, निबंधन और शर्तें दिए गए हैं, सामान्य प्रशासन प्रभाग से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। विकल्पतः उसे एफ.एस.एस.ए.आई की वेबसाइट www.fssai.gov.in अथवा सीपीपी पोर्टल www.eprocure.gov.in/epublish/app से डाउनलोड किया जा सकता है।

पत्राचार का पता : सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), एफ.एस.एस.ए.आई, तीसरी मंजिल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002.

सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन)
भारतयी खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण